# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 26.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, न्यायाधीश, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान , तरूणमित्र न्यूज" समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 26.08.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर में बनेगा डाक विभाग का वेयर हाउस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बाबतपुर हवाई अड्डे से करीब 15 किलोमीटर दूर मोहनसराय में एक ट्रांसपोर्ट नगर के साथ ही वेयरहाउस सुविधा का भी विस्तार करने की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय डाक विभाग अपने लॉजिस्टिक्स सेवा के तहत वाराणसी और आसपास के जिलों में विभिन्न उत्पादनकर्ताओं के तैयार माल को अन्य राज्यों के क्षेत्रों में पहुंचाने की व्यवस्था की तैयारी कर रहा है।

जिले में डाक विभाग अब वीडीए के साथ मिलकर काम करेगा। इस संबंध में डाक विभाग के पीएमजी कर्नल विनोद कुमार ने वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने इंडिया पोस्ट के लॉजिस्टिक हब के लिए स्थान निर्धारित करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की। कर्नल विनोद ने कहा कि ई कॉमर्स और ऑनलाइन माध्यम से खरीदारी की सुविधा बढ़ने से इंडिया पोस्ट का पार्सल डिलीवरी का कार्य तेजी से बढ़ रहा है।

वाराणसी तथा आसपास के जिलों के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसे लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, भदोही तथा औराई के कालीन, गाजीपुर के जूट की वाल हैंगिंग, बलिया की बिंदी तथा जौनपुर की ऊनी दरी आदि के उत्पादकों को सहूलियत होगी, साथ ही दूसरे राज्यों से आने वाले उत्पादों को भी आसानी से बनारस में उपलब्ध कराया जाएगा। कर्नल विनोद ने वीडीए उपाध्यक्ष को इंडिया पोस्ट की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक विशेष सुविधा कैंप लगाया जाएगा।

### अमर उजाला–दि0 26.08.2025

# स्कूल का मानचित्र वीडीए ने किया स्वीकृत

**वाराणसी।** वीडीए ने कोईराजपुर में 9940.87 वर्ग मीटर के भूखंड पर प्रस्तावित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) भवन योजना के मानचित्र को स्वीकृति प्रदान की। इस स्वीकृति के उपरांत क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने वाली संस्था के स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। स्कूल भवन में 27 कक्षाओं का प्रावधान किया गया है। स्कूल की ओर से रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर पावर सिस्टम का प्रावधान तथा ठोस अपशिष्ट के नियमानुसार उचित निस्तारण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## अमर उजाला–दि0 26.08.2025

### अवैध प्लॉटिंग कराई ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए ने सोमवार को शिवपुर में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। होलापुर संत अतुलानंद स्कूल के पास छेदी पटेल की ओर से बगैर वीडीए की अनुमति के 800 वर्ग मीटर में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। जिसे नोटिस दिया गया था। इसके खिलाफ ध्वस्तीकरण आदेश पारित हुआ था। जिसे ध्वस्त कराया गया। मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा की देखरेख में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। ब्यूरो

## न्यायाधीश–दि0 26.08.2025

### वाविप्रा जोन-1 (वार्ड-शिवपुर/ सिकरौल) के प्रवर्तन टीम ने अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 (वार्ड-शिवपुर/ सिकरौल) के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत जोन-1 (वार्ड-शिवपुर/ सिकरौल) के अंतर्गत छेदी पटेल मौजा-होलापुर, संत अतुलानन्द स्कूल के पास, वार्ड-शिवपुर, जिला-वाराणसी में प्राधिकरण से बिना अनुमति के किये जा रहे लगभग 800.00 वर्गमीटर में अवैध रूप से प्लाटिंग किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत दिनांक-25.06.2025 को नोटिस की कार्यवाही करते हुये दिनांक-25.07.2025 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। उक्त पारित ध्वस्तीकरण आदेश के क्रम में आज दिनांक 25/08/2025 को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम तथा पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गया।मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा ,अवर अभियंता रोहित कुमार प्रवर्तन टीम उपस्थित रही । उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 26.08.2025

### वीडीए ने अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-एक, वार्ड-शिवपुर/ सिकरौल के प्रवर्तन टीम ने अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। सिकरौल के अंतर्गत छेदी पटेल मौजा-होलापुर, संत अतुलानंद स्कूल के पास, वार्ड-शिवपुर में प्राधिकरण से बिना अनुमति के किये जा रहे अवैध प्लाटिंग पर नोटिस की कार्यवाही करते हुये 25 जुलाई 2025 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। उक्त पारित ध्वस्तीकरण आदेश के क्रम में सोमवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम तथा पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। मौके पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता रोहित कुमार प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।

## हिन्दुस्तान–दि0 26.08.2025

# ट्रांसपोर्टनगर में डाक विभाग के लॉजिस्टिक हब की तैयारी

- उत्पादों को कम समय में पहुंचाना आसान होगा
- प्रधान डाकघर में वीडीए अफसरों के साथ बैठक

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। ट्रांसपोर्टनगर बनने के साथ शहर में लॉजिस्टिक सुविधा के विस्तार के लिए वीडीए और डाक विभाग साथ काम करेंगे। सोमवार को वीडीए और डाक विभाग के अधिकारियों के बीच कैंट प्रधान डाकघर में बैठक हुई। मोहनसराय में ट्रांसपोर्टनगर के साथ ही वेयर हाउस की सुविधा के लिए वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और पोस्टमास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार ने चर्चा की।

ट्रांसपोर्ट नगर में लॉजिस्टिक हब बनने से 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत उत्पादों को पहले से कम समय में पहुंचाना आसान होगा। लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, वॉल हैंगिंग, बलिया की बिंदी तथा जौनपुर की ऊनी दरी के उत्पादकों को सहूलियत होगी। दूसरे राज्यों से आने वाले उत्पादों को भी आसानी होगी। वहीं डाक विभाग वीडीए के अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए जल्द सुविधा कैम्प लगाएगा। जिसमें आधार कार्ड के संशोधन, डाक बचत खाता, डाक जीवन बीमा तथा सुकन्या समृद्धि योजना जैसी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। कर्नल विनोद कुमार ने कहा कि डाक विभाग लॉजिस्टिक्स सेवा के तहत बनारस तथा आसपास के जिलों में तैयार उत्पादों को अन्य राज्यों में पहुंचाने की व्यवस्था को और बेहतर करने जा रहा है।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 26.08.2025

# वीडीए के साथ मिलकर व्यवसाय विकास करेगा इंडिया पोस्ट : कर्नल विनोद

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। कर्नल विनोद पीएमजी ने खबर जारी कर बताया कि वीडीए वीसी पुलकित गर्ग के साथ उन्होंने सोमवार को इंडिया पोस्ट के लॉजिस्टिक हब के लिए स्थान निर्धारित करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की।ज्ञातव्य है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा बाबतपुर हवाई अड्डे से करीब पंद्रह किलोमीटर की दूरी पर मोहन सराय में एक ट्रांसपोर्ट नगर के साथ ही वेयरहाउस सुविधा का भी विस्तार करने की तैयारी की जा रही है।

इसी क्रम में भारतीय डाक विभाग अपने लोजिस्टिक्स सेवा के तहत वाराणसी तथा निकटवर्ती क्षेत्रों के विभिन्न उत्पादकर्ताओं के तैयार माल को अन्य राज्यों के क्षेत्रों में पहुँचाने की व्यवस्था की तैयारी कर रहा है।कर्नल विनोद ने कहा कि ई कॉमर्स और ऑनलाइन माध्यम से खरीददारी की सुविधा बढ़ने से इंडिया पोस्ट का पार्सल डिलीवरी का कार्य तेज़ी से बढ़ रहा है इस स्थान पर ही दूसरे राज्यों से आने वाले पार्सल और मेल आइटम्स को भी यहाँ सॉर्टिंग के लिए सुविधा हो सकेगी। वाराणसी तथा आस पास के जिलों के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसे लकड़ी के खिलौनें, गुलाबी मीनाकारी, भदोही तथा औराई के कालीन, गाज़ीपुर के जूट की वाल हैंगिंग, बलिया की बिंदी तथा जौनपुर की ऊनी दरी आदि के उत्पादकों को सहूलियत होगी, साथ ही दूसरे राज्यों से आने वाले उत्पादों को भी आसानी से बनारस में उपलब्ध कराया जाएगा।कर्नल विनोद ने वाईस चेयरमैन वाराणसी विकास प्राधिकरण को इंडिया पोस्ट की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक विशेष सुविधा कैम्प लगाया जाएगा जिसमें आधार कार्ड के संशोधन, डाक बचत खाता, डाक जीवन बीमा तथा सुकन्या समृद्धि योजना जैसी सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ प्राधिकरण के स्टाफ को मिलेगा।



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग संग पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल विनोद